<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार - प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी पखवाड़े की अवधि में दिनांक 25 सितंबर, 2020 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 21 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के डॉ. पी. के. जैन, राजभाषा अधिकारी ने प्रौद्योगिकी का राजभाषा कार्यान्वयन में उपयोग विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

अपने व्याख्यान में डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी ने प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का आवश्यक अंग बन गया है तथा सभी कम्प्यूटर यूजर फ्रेंडली बन गए हैं। साथ ही यह भी बताया कि यह तकनीकी अब तक केवल तकनीकी लोगों तक ही सीमित थी, लेकिन अब यहां सामान्य लोगों तक भी पहुंच गई है तथा सामान्य लोग इसे बहुत कुशलता एवं स्वयं की रूचि से इसका प्रयोग कर रहे हैं। अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की सहायता से हम दुनियां के किसी भी हिस्से में आसानी से अपनी पहुंच बना सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर डेटा एवं सूचना में अंतर स्पष्ट करते हुए इसकी विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला के पश्चात सभी प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। अपनी प्रतिक्रियाओं में प्रतिभागियों ने कहा कि तकनीकी माध्यम से आयोजित की गई यह ऑन लाईन कार्यशाला सराहनीय है। कोरोना वायरस के कारण प्रत्यक्ष रूप से न होकर वेविनार के रूप में संपन्न यह कार्यशाला प्रशंसनीय है। कार्यशाला में डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा दिए गए व्याख्यान की प्रतिभागियों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि तकनीकी एवं कम्प्यूटर पर दिया गया यह व्याख्यान हमारे दैनिक जीवन में लाभप्रद होगा तथा इस व्याख्यान को अत्यंत रोचक व तथ्यपूर्ण बताते हुए प्रतिभागियों के लिए इसे ज्ञानवर्धक बताया। साथ ही प्रतिभागियों ने तकनीकी माध्यम से वेविनार के रूप में आयोजित की गई इस कार्यशाला के सफलता हेतु डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी, श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक एवं हिंदी अनुभाग की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अपने धन्यवाद ज्ञापन में श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक ने टी.एम.आई.एस. को विशेष रूप से धन्यवाद दिया जिनके तकनीकी सहयोग से यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।






VidyoConnect
Webroom-MH1
Participants (5)
B L Yadav
(Guest)
Dr P K Jain CME IBM
(Guest)
GAURAV SHARMA
(Guest)
R.K. SUSHAN SINGH, EDIT...
(Guest)
sunil sharma
(Guest)
5
Webroom-MH1
Dr P K Jain CME IBM
Dr P K Jain CME IBM
BL
B L Yadav
Camera off
01:25
25-09-2020


VidyoConnect
Webroom-MH1
Participants (5)
B L Yadav
(Guest)
Dr P K Jain CME IBM
(Guest)
GAURAV SHARMA
(Guest)
R.K. SUSHAN SINGH, EDIT...
(Guest)
sunil sharma
(Guest)
5
Webroom-MH1
Dr P K Jain CME IBM
Dr P K Jain CME IBM
Camera off
01:26
25-09-2020